CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 131 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - गुरुवार , 30 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में बढ़ते अपराधों पर बेनीवाल का सीधा हमला बोले, युवाओं तैयार हो जाओ, विधानसभा में घुस जाएंगे

भीलवाड़ा फोकस @ बीकानेर।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने बुधवार को बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में पार्टी के सातवें स्थापना दिवस पर सरकार और विपक्ष दोनों पर जमकर निशाना साधा। भाषण में बेनीवाल ने युवाओं से सीधा आह्वान किया आप तैयार हो जाओ, कभी भी विधानसभा में घुसना पड़ सकता है, दिल्ली भी चलना पड़े तो तैयार रहो।

बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और राजस्थान अब देश में अपराध के मामलों में सबसे आगे पहुंच गया है। उन्होंने कहा, अग्निवीर योजना में 25 प्रतिशत युवाओं का हिसाब बाकी है। युवाओं, आप तैयार रहो, हमें फिर से संघर्ष करना पड़ेगा।





सांसद ने अपने पुराने संघर्षों को याद करते हुए कहा, जब मैंने वसुंधरा राजे के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, तब कहा गया था कि वो मुझे कुचल देंगी, जेल में डाल देंगी। लेकिन मैंने कहा था, मैं उन्हें सात समंदर पार भेज दूंगा और आज वहीं भेज दिया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर हमला बोलते हुए बेनीवाल ने कहा, सीएम भजनलाल तो राजस्थान के लिए पनौती साबित हुए हैं। जब से वे आए हैं, तब से अग्नि देवता नाराज हैं, हर जगह आग और विस्फोट की घटनाएं हो रही हैं। उनका दिमाग भी हमें ही ठीक करना होगा।

उन्होंने दिवंगत कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी को याद करते हुए कहा कि डूडी की दिल्ली तक पकड़ थी, उनके जाने से राजस्थान की राजनीति को बड़ा नुकसान हुआ है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पर भी बेनीवाल ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, कृषि मंत्री के चक्कर में किसान समझ ही नहीं पाए कि असली खाद कौनसी है और नकली कौनसी। किसानों को जेल में डाला गया। मूंगफली खरीद में बड़ा घोटाला चल रहा है। खेत किसी का, टोकन किसी और का। फसल बीमा में फर्जीवाड़ा हो रहा है, और नेता कंपनियों के मुनीम बन गए हैं, उनसे गाड़ियां और गिफ्ट ले रहे हैं। कार्यक्रम में बेनीवाल की पत्नी, बेटा और भाई भी मौजूद रहे। स्थापना दिवस पर केक काटा गया और करीब 10 मिनट तक आतिशबाजी हुई। मंच से बेनीवाल ने ऐलान किया कि अब लड़ाई अंतिम चरण में है, युवाओं को ही इस बदलाव की अगुवाई करनी होगी।

## बारिश ने बिगाड़ी जिंदगी की रफ्तार-खेतों में पानी, फसलें बर्बाद, किसानों की उम्मीदें डूबीं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचंद पेसवानी।** ज़िले में तीन दिन से आसमान से बरसे पानी ने किसानों की मेहनत और आमजन के जनजीवन दोनों को डुबो दिया। शाहपुरा, मांडलगढ़, बरूंदनी, धाकड़खेड़ी, जोजवा, फलासिया, सुरास और आसपास के गांवों में रविवार तड़के शुरू हुई बेमौसम बारिश मंगलवार शाम तक जारी रही। कभी मूसलाधार तो कभी रिमझिम बरसात ने हालात ऐसे कर दिए कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए और खेतों में खड़ी फसलें पानी में तैरने लगी।







### किसानों की मेहनत पर पानी-खेतों में तबाही के नजारे

खेतों में काटकर रखी मक्का और मूंगफली की फसलें पूरी तरह भीग चुकी हैं। मेड़ों पर रखे चारे के ढेर सड़ने लगे हैं। किसानों का कहना है कि हमने तो रोटी के सहारे के लिए फसल बोई थी, अब वही फसल मौत का कारण बन गई। लगातार 44 घंटे तक हुई बारिश ने खेतों को जलाशय में बदल दिया है। पशुधन भी बेहाल हैं । कई गौशालाओं में पानी घुसने से चारा और भूसा गीला हो गया।

### तालाब छलके, पर दिल डूबे, बरूंदनी का फतह सागर तालाब लबालब

बरूंदनी का फतह सागर तालाब वर्षों बाद पूरी तरह भर गया है। ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी तो है, मगर दिल में चिंता भी। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। ओराई बांध की नहरों में उफान है और खेतों में पानी भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार तो राम भी रूठ गए और राज भी।

### नेताओं ने जताई चिंता, राहत की मांग उठी

पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, बिन मौसम की बारिश ने किसानों पर दोहरी मार की है। पहले खरीफ की फसलें गईं, अब जो बची थी वो भी खत्म। सरकार को तुरंत सर्वे कर राहत देनी चाहिए।

पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय बोले, किसानों के मुंह का निवाला छीन लिया इस बारिश ने। जो फसलें घर नहीं पहुंचीं, वो खेत में सड़ रही हैं। प्रधान जितेन्द्र मूंदड़ा ने कहा, मांडलगढ़ क्षेत्र में किसानों की उम्मीदें पूरी तरह टूट चुकी हैं। सरकार पिछली बार का मुआवजा भी नहीं दे पाई, यह किसानों के साथ अन्याय है। वहीं, मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने कहा, भाजपा सरकार किसानों के साथ है। नुकसान का सर्वे करवाकर हर संभव सहायता दी जाएगी।

### बिजली गुल, रास्ते बंद,जनजीवन अस्त-व्यस्त

कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रही। कीचड़भरे रास्तों ने आवागमन रोक दिया। ब'चे स्कूल नहीं जा पा रहे, तो छोटे पुल-पुलियों पर पानी बह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ खेत ही नहीं, अब तो जीवन भी ठहर गया है।

### किसान बोले मेहनत डूब गई, उम्मीदें टूट गईं

शाहपुरा क्षेत्र के किसान लक्ष्मण गुर्जर ने कहा, मक्का, मूंगफली, अरहर सब खत्म। खेतों में रखी उपज सड़ रही है। भूसा भी भीग गया, अब पशुओं को क्या खिलाएं?किसानों का कहना है कि अगर तुरंत मुआवजा नहीं मिला, तो रबी की बुवाई भी अधर में लटक जाएगी।

### प्रकृति के प्रकोप के बीच उम्मीद की आस

ओराई नहरों का बहता पानी और छलकते तालाब जहाँ बारिश की तीव्रता दिखा रहे हैं, वहीं किसानों की आंखों में बेचैनी और उम्मीद दोनों झलक रही हैं।

## पूरा कुआँ भांग से भरा , कोटा में विकास कार्यो में लापरवाही पर मंत्री भड़के, इंजीनियरों को फटकार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा



लाडपुरा पंचायत समिति सभागार में बुधवार को हुई जिला परिषद की साधारण सभा बैठक अचानक मंत्रियों की फटकार से चर्चा का केंद्र बन गई।

बैठक में विकास कार्यों की घटिया गुणवत्ता और लापरवाही को लेकर मंत्री मदन दिलावर और हीरालाल नागर ने अधिकारियों को सख्त लहजे में लताड़ लगाई। माहौल इतना गरमा गया कि कुछ देर के लिए अधिकारी सकते में आ गए।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुरुआत करते हुए कहा जहां भी जा रहे हैं, पूरा कुआं भांग से भरा पड़ा है। कोई विभाग बचा ही नहीं जिसमें गड़बड़ी न हो।उनके इतना कहते ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी तल्ख अंदाज़ में कहा अगर काम इंजीनियर की देखरेख में होता है तो सड़क की क्वालिटी घटिया कैसे हो जाती है? जवाब कौन देगा?

इंजीनियर ने सफाई दी भुगतान का 10 प्रतिशत रोक लिया गया है। इस पर दिलावर भड़क उठे जब 100 प्रतिशत काम खराब हुआ है, तो 10 प्रतिशत रोककर क्या करोगे? क्या इतनी रकम में सड़क बन जाएगी? बेवकूफ बना रहे हो क्या? इतना ही नहीं, जब मंत्री नागर ने पूछा रोड गंजा कैसे हो गया? तो इंजीनियर कुछ बोलने लगे, तभी नागर ने बीच में टोका इतनी इंजीनियरिंग तुमने नहीं की होगी, जितनी सड़कें मैंने खुद बनवाई हैं। समझ गए?

बैठक में विकास कार्यों की गुणवत्ता, बजट आवंटन में भेदभाव और फर्जी पट्टों को लेकर कांग्रेस सदस्यों ने भी हंगामा किया। विरोध जताने के लिए कांग्रेस सदस्य काली पट्टी बांधकर बैठक में पहुंचे और जिला प्रमुख व सीईओ पर भेदभाव के आरोप लगाए।


मदन दिलावर ने मोई व बपावर क्षेत्र में फर्जी पट्टों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। वहीं लाडपुरा के मंडाना क्षेत्र में गारंटी अवधि में ही खराब हुई सड़क को खुदवा कर दोबारा बनवाने और ठेकेदार से पूरी रिकवरी करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग की जाए और सभी पंचायतों में सामग्री सप्लाई टेंडर प्रक्रिया से ही हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिला परिषद में खाली पदों को जल्द भरा जाए ताकि योजनाओं की रफ्तार न रुके।

अंत में नागर ने किसानों की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा हालिया बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कृषि विभाग तुरंत सर्वे करे और किसानों को अधिकतम मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू करें। धान की गिरी फसल को भी नुकसान में शामिल किया जाए।

## सवाई माधोपुर में ड्रामा, लापता बहन की तलाश में 12 साल की बच्ची बिजली पोल पर चढ़ी, बोली कृषि मंत्री को बुलाओ, तभी उतरूंगी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाई माधोपुर ।



कुंडेरा थाना क्षेत्र में बुधवार को अपनी लापता बहन की तलाश न होने और प्रशासन की चुप्पी से नाराज़ 12 साल की एक नाबालिग लड़की बिजली के पोल पर चढ़ गई। उसने गले में फंदा डाल लिया और जिद ठान ली कि जब तक कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा खुद मौके पर नहीं आएंगे, वह नीचे नहीं उतरेगी। करीब दो घंटे तक चला यह हाई-वोल्टेज ड्रामा तब खत्म हुआ जब पुलिस और ग्रामीणों की समझाइश के बाद बच्ची को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

घटना बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एहतियातन पूरे गांव की बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। पुलिस ने बच्ची से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार मंत्री को बुलाने की मांग पर अड़ी रही। इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और पोल के नीचे सुरक्षा के लिए जाल लगाया गया।

परिजनों के अनुसार, नाबालिग की बड़ी बहन सितंबर 2024 से लापता है। पिता ने बताया कि उन्होंने 15 नवंबर 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी बात से नाराज़ होकर बेटी ने यह कदम उठाया।

परिजनों का यह भी कहना है कि उन्होंने हाल ही में मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिली, जिससे बच्ची और भी उदास थी।

कुंडेरा थाने के कार्यवाहक एसएचओ अब्दुर्रहमान ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब नाबालिग ने ऐसा कदम उठाया हो। जनवरी 2025 में भी वह इसी तरह बिजली के पोल पर चढ़ गई थी और तब प्रशासन को रास्ते और बहन की तलाश को लेकर कार्रवाई करनी पड़ी थी। बुधवार को भी बच्ची ने वही मांग दोहराई।

करीब दो घंटे तक समझाइश के बाद बच्ची शाम छह बजे पोल से नीचे उतरी। इसके बाद गांव की बिजली सप्लाई बहाल की गई। पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और लापता बहन की तलाश फिर से तेज की जाएगी।

CMYK

# नहरों की सफाई नहीं होने से खेतों में भरा पानी, किसानों की रबी फसल पर संकट



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला । (विक्रम सिंह)।** कोठारी बांध के सिंचाई क्षेत्र ककरोलिया घाटी की ग्राम पंचायत हस्तड़ा और हस्तिनापुर के किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर बेमौसम बारिश ने खरीफ की कटी फसल को नुकसान पहुंचाया, वहीं दूसरी ओर सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण रबी की फसल के खेत जलमग्न हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने नहरों की समय पर सफाई नहीं की, जिससे बारिश का पानी खेतों में भर गया और हकाई-जुताई व बीज बोवाई पर किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

कोठारी बांध जल वितरण समिति के अध्यक्ष गोपाललाल जाट ने बताया कि विभाग ने केवल कागजों में सफाई दिखाकर खानापूर्ति की है। अब बिना नहरों की सफाई किए बांध का पानी छोड़ने की तैयारी की जा रही है, जिससे किसानों को और भारी नुकसान हो सकता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि कमलेश जाट ने भी कहा कि कोठारी बांध से जलिया, नन्दराय और ककरोलिया घाटी पंचायतों की हजारों बीघा भूमि सिंचित होती है, लेकिन करोड़ों के बजट के बावजूद टेल क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है।

# विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री शर्मा से की मुलाकात

## मांडलगढ़ के विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।** विधायक गोपाल खंडेलवाल ने बुधवार को जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों और चल रहे विकास कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने विधायक खंडेलवाल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक विचार-विमर्श करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में मांडलगढ़ को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।



# कोठाज में राजीविका क्लस्टर की आमसभा संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ पारोली । विनोद शर्मा।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के तहत एकता राजीविका महिला सर्वांगीण सहकारी समिति कोठाज की आमसभा चारभुजा मंदिर प्रांगण में हुई। मुख्य अतिथि विकास अधिकारी कोटड़ी रामविलास मीणा, विशिष्ट अतिथि राजीविका कार्मिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोशी और पंचायत प्रशासक गोपाल सिंह कानावत रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा वैष्णव ने की। मीणा ने महिलाओं से स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। अमित जोशी ने राजीविका योजना, एफपीओ और लघु उद्योगों की जानकारी दी। सज्जन कंवर ने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

कृषि पर्यवेक्षक खेमराज मीणा ने रबी फसलों व कृषि योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक प्रबंधक मुकेश कुमार, क्लस्टर मैनेजर नीलू सेन और मोना सुथार ने महिलाओं को नवाचार व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया।

आमसभा में पारस कंवर, प्रकाश कासलीवाल, महेश काबरा, दुर्गेश गुगलिया, प्रताप सिंह, मोनू भंवरसा, गजराज सिंह, गोपाल सिंह सहित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 11 ग्राम पंचायतों की 500 महिलाएं शामिल हुईं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियां शुरू ,जिला कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने कलेक्ट्रेट परिसर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की।

कलेक्टर संधू ने बताया कि यह कार्यक्रम 28 अक्टूबर से प्रारंभ होकर विभिन्न चरणों में संचालित होगा, जिसके बाद 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन व विलोपन की कार्रवाई समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की पूरी प्रक्रिया, समय-सीमा और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने कहा कि राजनीतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिनिधि भी इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बनाया जा सके।

इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणजीत सिंह, उपखंड अधिकारी अक्षत कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्मिक कैलाश शर्मा, भाजपा से उम्मेद सिंह राठौड़, गोपाल तेली, ईश्वर चेचानी, कांग्रेस से ईश्वर खोईवाल, मुश्ताक अली, बसपा से किशनलाल कीर, रामेश्वर जाट, आम आदमी पार्टी से प्रहलाद राय व्यास, मोहम्मद हामिन, सहित चुनाव शाखा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूआईटी भूखंड लॉटरी में गड़बड़ी के आरोप पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जांच के आदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास यूआईटी द्वारा भूखंड आवंटन की लॉटरी प्रक्रिया को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेक्रेटरी कार्यालय के बाहर मंजीरे बजाकर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर लॉटरी निरस्त करने की मांग की।



कांग्रेस नेता मनोज पालीवाल ने आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर को निकाली गई लॉटरी प्रक्रिया में कई अनियमितताएं हुई हैं। पात्र आवेदकों को भूखंड नहीं मिले, जबकि अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से मनमानी की गई। उन्होंने कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती, तब तक रिफंड प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।

पालीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि निलंबन योग्य कर्मचारी अब भी यूआईटी दफ्तर में बैठकर फाइलों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने विवादित कर्मचारी रविश श्रीवास्तव को तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग की। वहीं, यूआईटी सचिव ललित गोयल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच के लिए कलेक्टर के निर्देशन में एक कमेटी गठित की गई है, जिसके प्रभारी आरएएस अधिकारी चिमनलाल होंगे।

गोयल ने स्पष्ट किया कि लॉटरी प्रक्रिया निरस्त नहीं होगी, लेकिन जांच निष्पक्ष तरीके से करवाई जाएगी।

# सखी सेंटर में सुविधाओं का निरीक्षण, पीड़ित महिलाओं को बेहतर सहायता के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के तहत बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विशाल भार्गव ने वन स्टॉप सेंटर (सखी सेंटर) भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान भार्गव ने सेंटर प्रबंधक अनु कंवर से पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को दी जा



रही सहायता योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों की स्थिति, पीड़िताओं को उपलब्ध स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधा, पुलिस सुरक्षा और कानूनी परामर्श सेवाओं की समीक्षा की।

सचिव भार्गव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पीड़िता को समय पर कानूनी और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए तथा उनकी सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाया जाए।

# विहिप-बजरंग दल का रक्तदान शिविर 2 को, हुतात्मा दिवस पर रामभक्तों को देंगे श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल महानगर द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर 2 नवंबर को बलराम व्यायामशाला, दादीधाम रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में सभी वर्गों के युवाओं के शामिल होने की संभावना है।

महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि वर्ष 1990 में अयोध्या की पवित्र भूमि पर श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान असंख्य रामभक्त कारसेवकों ने राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया था। उन्हीं हुतात्माओं की स्मृति में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए सातों प्रखंडों में बैठकें आयोजित की गई हैं और प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को बल मिले।

उन्होंने बताया कि अयोध्या आंदोलन के दौरान भीलवाड़ा के कोठारी बंधु, सुरेश जैन और रतन सेन जैसे वीरों ने भी अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इन्हीं वीर कारसेवकों ने विवादित ढांचे पर पहला भगवा ध्वज फहराकर इतिहास रचा था।



## QUICK BITES

### परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु शाहपुरा की हीरा बानू कायमखानी सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**




**मूलचंद पेसवानी** । विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई एवं जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शाहपुरा की स्वास्थ्यकर्मी हीरा बानू कायमखानी को सम्मानित किया गया।
जिला चिकित्सालय शाहपुरा में प्रसाविका के पद पर कार्यरत हीरा बानू कायमखानी को परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संवर्धन, परिवार नियोजन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और समुदाय में निरंतर उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हीरा बानू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या नियंत्रण, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल, महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और परिवार नियोजन साधनों के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं विभिन्न ब्लॉकों से आए कर्मचारियों ने भी भाग लिया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि परिवार कल्याण और जनसंख्या स्थिरता समाज के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दिशा में हीरा बानू जैसी कर्मठ कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय है, जिन्होंने जनजागरूकता की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

### विज्ञानदेव महाराज के 47वें जन्मोत्सव पर 108 यूनिट रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



स्ववेर्द कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के 47वें पावन जन्मोत्सव पर विहंगम योग संत समाज गंगापुर द्वारा माहेश्वरी सेवा संस्थान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 47 दीपक प्रज्वलित कर की गई।
अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान की टीम, सुखबीर सिंह के नेतृत्व में कुल 108 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें 94 पुरुष व 14 महिलाएं शामिल रहीं।
समाज के प्रचारक व उपदेष्टा कैलाश पारीक ने बताया कि यह शिविर विश्वभर में एक साथ आयोजित किया गया। गंगापुर में भक्तों व अनुयायियों ने श्रद्धा व उल्लास से भाग लिया।
इस अवसर पर राकेश बापना, देवीलाल जैन, अशोक सुखवाल, कैलाश शर्मा, हरिओम दाधीच, देवेन्द्र जोशी, रमेश कुमावत सहित कई पदाधिकारी व गुरु बहनें रेखा देवी शर्मा, उमा देवी शर्मा, सुमित्रा देवी शर्मा, पार्वती देवी पारीक, माया देवी सेन, सुनीता देवी शर्मा, तारा देवी जाट, ज्ञानी देवी कुमावत, लीला देवी चौहान, रेखा देवी माली व हेमा देवी जोशी उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक मीणा, जहाजपुर-कोटड़ी के विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



**(गजानंद जोशी)** विधायक गोपीचंद मीणा ने बुधवार को जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाक़ात कर जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे व प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।
बैठक के दौरान विधायक मीणा ने क्षेत्र में स्वीकृत योजनाओं की प्रगति, नई परियोजनाओं की जरूरत और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक विचार-विमर्श करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक मीणा ने कहा कि, प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर जहाजपुर-कोटड़ी क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बनास बचाओ आंदोलन का तीसरा दिन, चांदगढ़ में टायर जलाकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**(सांवर वैष्णव)** । चांदगढ़ गांव में बनास बचाओ आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को ग्रामीणों ने टायर जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आकोला कस्बे के पास बनास नदी के ब्लॉक नंबर 7 में महादेव एंक्लेव प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा जेसीबी मशीनों से अवैध बजरी खनन किया जा रहा है, जो उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है।
ग्रामीणों ने बताया कि 8 अक्टूबर को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बावजूद खनन नहीं रुका और नदी से लगातार ओवरलोड वाहनों द्वारा बजरी निकाली जा रही है। इससे आक्रोशित ग्रामीण चांदगढ़, जीवा का खेड़ा और दोवनी सहित आसपास के गांवों के लोग सोमवार से देवनारायण मंदिर के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।
धरने के तीसरे दिन भी कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, केवल पटवारी ने निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने की बात कही।
ग्रामीणों ने बनास बचाओ, जेसीबी भगाओ और बनास हमारी माता है, इसे बचाना हमारा धर्म है÷ल जैसे नारे लगाकर चेतावनी दी कि अगर अवैध खनन नहीं रुका तो आंदोलन को जिलेभर में आंदोलन किया जाएगा।

# ठाकुरजी संघ अन्नकूट महोत्सव में छप्पन भोग के संग भक्ति का उल्लास

## माहेश्वरी महिला मंडल ने बड़े मंदिर की बगीची में मनाया धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पुराना शहर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा बुधवार को बड़े मंदिर की बगीची में ठाकुरजी संघ अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया और पूरे परिसर में भक्ति का वातावरण छा गया।
मंडल अध्यक्ष सुमित्रा भदादा ने बताया कि सभी सदस्याओं ने घरों से तय मीनू के अनुसार विभिन्न प्रकार के 56 व्यंजन तैयार किए और ठाकुरजी को भोग लगाया। सचिव पूनम पोरवाल ने बताया कि ठाकुरजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया और रंग-बिरंगी फूलों से रंगोली सजाई गई। भजन गायक की संगत में महिलाओं ने भक्ति गीतों पर झूमकर नृत्य किया।
कार्यक्रम में कैलाश बाहेती, सत्यनारायण तोतला, मोनू तोषनीवाल, महावीर समदानी, प्रमोद डाड, विकास समदानी, कैलाश भदादा, मनीष भदादा और हरीश पोरवाल का उपरना पहनाकर सम्मान किया गया।
इस अवसर पर मंडल की संतोष तोषनीवाल, ज्योति भदादा, उषा पटवारी, रश्मि कोगटा, पूजा दरक, रेखा लाहोटी, राधा काबरा, निर्मला हिंगड़, विभा भदादा, प्रमिला भदादा, मंजू भदादा और उषा समदानी सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन ठाकुरजी की महाआरती के साथ हुआ।

# मेवाड़ा समाज ने हर्षोल्लास से मनाई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

## समारोह में दो संरक्षकों को समाज रत्न सम्मान, पचास प्रतिभाओं का हुआ सत्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**






ऊपरमाल , खेराड़, मेवाड़ और आंतरी क्षेत्र के मेवाड़ा कलाल समाज द्वारा बुधवार को जोगणिया माताजी मंदिर परिसर में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा से हुआ, जिसमें सजे-धजे वस्त्रों में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा और महिलाएं बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते शामिल हुए।
समाज के एडवोकेट चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि शोभायात्रा जोगणिया माता मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद रामलीला मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोगणिया माता शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी और समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया।
जोशी ने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा है जब समाजजन शिक्षा में आगे बढ़ेंगे, तो सफलता स्वतः उनके कदम चूमेगी। उन्होंने समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर युवाओं को समाज का नाम रोशन करना चाहिए।
समारोह में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संरक्षक देवीलाल मेवाड़ा भोपतपुरा और उदयलाल मेवाड़ा टहला को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज की पचास प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर देवीलाल मेवाड़ा बेंगूं, गोपाललाल मेवाड़ा बिजोलिया, घीसालाल मेवाड़ा गोपालपुरा, नंदलाल मेवाड़ा लाडपुरा, भंवरलाल मेवाड़ा विजयपुर, जदावचंद्र मेवाड़ा होड़ा, घीसालाल मेवाड़ा देदिया, रामस्वरूप मेवाड़ा और सत्यनारायण मेवाड़ा सहित अनेक गणमान्य समाजजनों ने समाज में शिक्षा, एकता और कुरीतियों के उन्मूलन पर बल दिया।
समारोह में कार्यकारिणी सदस्य उपाध्यक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा टहला, कोषाध्यक्ष ललित मेवाड़ा माण्डलगढ़, सचिव कमलेश मेवाड़ा धामंचा और धर्मशाला सचिव सीताराम मेवाड़ा धारला ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार मेवाड़ा पूर्व सचिव, गोपालपुरा ने किया।

# खामोर में कृषक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, नई तकनीकों व योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(किशन वैष्णव)।** ग्राम पंचायत भवन खामोर स्थित कृषि कार्यालय में बुधवार को कृषक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत क्षेत्र की दर्जनों कृषक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण कृषक महिलाओं को कृषि की नवीन तकनीकें, विभागीय योजनाएं और फसलों की गुणवत्ता सुधार से संबंधित जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना था।

कृषि पर्यवेक्षक दुर्गा शंकर बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों और महिला कृषकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं । जैसे तारबंदी योजना, फार्म पॉण्ड निर्माण योजना, पाइपलाइन वितरण योजना, फव्वारा सिंचाई संयंत्र योजना, जैविक गोरधन उर्वरक योजना तथा कृषि यंत्रों पर अनुदान योजना।




कृषि संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान करते कृषि पर्यवेक्षक

उन्होंने कहा कि यदि किसान इन योजनाओं का सही उपयोग करें तो खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। बैरवा ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभ बताते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है और फसलें अधिक गुणवत्तापूर्ण होती हैं।

उन्होंने रबी सीजन की प्रमुख फसलों गेहूं, चना, सरसों आदि की बेहतर किस्मों, बीजोपचार, रोग नियंत्रण और पोषक तत्व प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे किसान अपनी भूमि के अनुसार सही उर्वरक व फसल चयन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण में सुपर फास्फेट व जिप्सम के वैज्ञानिक उपयोग तथा रबी फसलों में लगने वाले ब्लाइट, पाउडरी मिल्ड्यू, रस चूसक कीट आदि रोगों की रोकथाम के जैविक व रासायनिक उपायों की जानकारी दी गई।

सहायक कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार जावलिया ने कृषक महिलाओं को फसल सुरक्षा, बीज शोधन, नमी संरक्षण और सिंचाई प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी।

अंत में कृषक महिलाओं ने कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का संकल्प लिया। इस दौरान कृषि मित्र भागचंद बैरवा, रामजस, जीवण सहित कई कृषक महिलाएं मौजूद रहीं।

# नई राज्यास में स्वच्छता व्यवस्था चरमराई, गलियों में कचरे के ढेर, नालों से उठ रही दुर्गंध


## ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही और बजट हड़पने का लगाया आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(किशन वैष्णव)।** क्षेत्र की नई राज्यास ग्राम पंचायत में इन दिनों स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। गांव की गलियों और मुख्य बाजार में कचरे के ढेर लगे हैं, नालों में मिट्टी और गंदे पानी के कारण तेज दुर्गंध फैल रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद पंचायत प्रशासन ने केवल आंशिक सफाई करवाई है। ग्रामवासी किशनलाल कुमावत ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर कर्मचारी सिर्फ जियो टैग फोटो खींचकर लौट जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पंचायत पर सफाई बजट की राशि से लीपापोती करने का भी आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि विधायक लालाराम बैरवा द्वारा गांव को आदर्श श्रेणी में रखने के बावजूद स्वच्छता की स्थिति बदतर है। गांव की गलियां और नालियां प्रशासनिक उपेक्षा की तस्वीर बन चुकी हैं।



लापरवाही बयां करती गंदगी से अटी पड़ी नाली की तस्वीर

**यह तस्वीर बयां करती है स्वच्छ भारत की हकीकत**

कचरे से अटी गलियां और भरे नाले दिखाते हैं कि स्वच्छ भारत अभियान के दावे कागजों तक सीमित हैं। बारिश में कीचड़ और गंदे पानी से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

**इनका कहना है**

मैंने जून माह में पंचायत का कार्यभार संभाला है। पूर्व टेंडर मार्च तक था, नया टेंडर करीब 5-7 दिन पहले ही जारी हुआ है। बीच में दो दिन की बारिश के कारण सफाई कार्य प्रभावित हुआ, अब सफाई व्यवस्था को सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं

**रवि अमरवाल, ग्राम विकास अधिकारी, नई राज्यास**

बारिश के चलते सफाई नहीं हो पाई थी, अब कल से सफाई कार्य नियमित रूप से शुरू करवाया जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**प्रकाशचंद्र स्वर्णकार, विकास अधिकारी, पंचायत समिति शाहपुरा**

# किसानों को चने का बीज वितरित, 120 किसानों को मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

ग्राम पंचायत बाकरा में कृषि विभाग की ओर से रबी सीजन के लिए 120 किसानों को चने का प्रमाणित बीज वितरित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षक मस्तराम मीना ने किसानों को बीज उपचार, समय पर बुवाई, सिंचाई प्रबंधन और जैविक उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चना नाइट्रोजन स्थिरीकरण से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है और किसानों के लिए लाभदायक फसल है।



मीना ने किसानों से फसल बीमा कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# छात्राओं को स्वच्छता और एफएसटीपी की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता इकाई द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोली मोहल्ला में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कैप जयपुर इकाई के मनोज श्रीवास्तव ने छात्रों को साफ-सफाई, मच्छर-मक्खी से बचाव और मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारियों से सुरक्षा के उपाय बताए।



उन्होंने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाला मल-जल अब एफएसटीपी संयंत्र में ट्रीट होकर खाद के रूप में पुनः उपयोग किया जाएगा, जिससे वातावरण स्वच्छ रहेगा।

छात्राओं को हैंड वॉशिंग के 10 स्टेप्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह राणावत, प्रहलाद गुलपारिया, प्रधानाध्यापिका रेखा चारण, मैना खंडेलवाल, विमला शर्मा, विनीता मीणा व महिमा चौहान ने सहयोग दिया।

## QUICK BITES

### ग्रामीण सेवा शिविर आज, 15 विभागों के अधिकारी रहेंगे मौजूद

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशासक किशनलाल जाट ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, पशुपालन समेत 15 विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। यहां ग्रामीणों के भूमि से जुड़े कार्य जैसे रजिस्ट्री, विभाजन, नामांतरण और पट्टे बनाए जाएंगे। साथ ही मूल निवास, जाति, जन्म, विवाह और राशन कार्ड सहित अन्य प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इसके अलावा पेंशन, पालनहार, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता से संबंधित सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रशासक जाट ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### तीसरे दिन थमा बारिश का दौर, खेतों में डूबी फसलें, नुकसान से चिंतित किसान

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)** क्षेत्र में दो दिन से जारी बेमौसम बारिश का दौर बुधवार को थम गया। सोमवार से लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे मक्का और अफीम की फसलें प्रभावित हुईं। किसानों ने अफीम की क्यारियों से पानी निकालने के लिए पंप सेट लगाए।

बारिश थमने और धूप निकलने से किसानों ने राहत की सांस ली, पर मक्का व चारे के भीगने से नुकसान हुआ है। वहीं, रबी की फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है।

तेज बारिश से क्षेत्र की बनास, बेड़च और कोठारी नदियों में पानी की आवक बनी रही, जबकि बेड़च नदी का पानी बड़लियास के पास पुलिया तक पहुंच गया। तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ गया है।

### क्रिटिकल लाइफ स्किल्स एंड फाउंडेशन कार्यशाला संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




सेठ मुरलीधर मानसिंह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, में क्रिटिकल लाइफ स्किल्स एंड फाउंडेशन व न्यूमैरेसी पर एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें 369 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने साक्षरता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर दिया। विजयपाल वर्मा ने समय पर कार्य संपादन की बात कही। अध्यक्ष सुषमा बिश्नोई ने महिला साक्षरता बढ़ाने पर बल दिया।

कार्यशाला में डॉ. शांतिलाल छापरवाल, राजेंद्र शर्मा, रामेश्वर लाल नायक व सत्यनारायण तिवारी ने साक्षरता, एफएलएन और गणना पाठ्यक्रम पर जानकारी दी। अंत में तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### चारभुजा मंदिर में आज अन्नकूट महोत्सव, संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



श्री चारभुजा मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के बीच अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पुजारी गोविंद पाराशर ने बताया कि दोपहर 1 से 4 बजे तक छप्पन भोग झांकी के दर्शन होंगे, 4:15 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे, वहीं रात्रि 8 बजे डॉ. पंडित मिथिलेश नागर संगीतमय सुंदरकांड पाठ करेंगे। कार्यक्रम में चित्रकार गोपाल गौड़ अपने पिता स्व. कन्हैयालाल गौड़ की स्मृति में बनाई गई रत्नजड़ित तंजौर शैली की चारभुजानाथ प्रतिमा का विमोचन करेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।